RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्षः 1 | अंक 287 | नागौर, 24 सितम्बर, 2022 (शनिवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

# केरल में पीएफआई कार्यकर्ताओं ने आरएसएस ऑफिस पर बम फेंके

## दर्जनों वाहनों में तोड़फोड़, पुलिस पर हमला

## एनआईए रेड के बाद हिंसक हुआ संगठन का प्रदर्शन

नई दिल्ली।

15 राज्यों में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के 93 ठिकानों पर एनआईए की छापेमारी के बाद शुक्रवार को पीएफआई ने केरल बंद बुलाया है। एनआईए रेड का विरोध कर रहे संगठन के कार्यकर्ता हिंसक हो उठे। राजधानी तिरुवनंतपुरम और कोयट्टम में पीएफआई कार्यकर्ताओं ने दर्जनों सरकारी बसों और गाड़ियों में तोड़फोड़ की है। कन्नूर के मट्टनूर में आरएसएस ऑफिस पर पेट्रोल बम फेंके गए। इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

मौके पर पुलिस मौजूद है। पुलिस के मुताबिक, कोल्लम में मोटर साइकिल सवार पीएफआई कार्यकर्ताओं ने 2 पुलिसकर्मियों पर हमला किया। इधर, तिरुवनंतपुरम में हिंसा करने वाले 5 पीएफआई कार्यकर्ताओं को पुलिस ने पकड़ा है।

### पीएफआई बंद के दौरान हिंसा से जुड़े अपडेट

केरल हाईकोर्ट ने राज्यव्यापी बंद बुलाने के लिए पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के नेताओं के खिलाफ सुओ मोटो एक्शन लिया है। केरल ॥ष्ट के आदेश के मुताबिक कोई भी बिना अनुमति के बंद नहीं बुला सकता है। कोर्ट ने आदेश में यह भी कहा कि गिरफ्तारियों के बाद ऐसा प्रदर्शन ठीक नहीं। कांग्रेस ने गुरुवार को भारत जोड़ो यात्रा रोक दी है। इस पर भाजपा ने तंज कसा कि पीएफआई और इस्लामिक जिहादी संगठनों ने आज हड़ताल का आह्वान किया और कांग्रेस ने आज अपनी पद यात्रा रोक दी इससे घटिया और शर्मनाक कुछ नहीं हो सकता।

### केरल से बंगाल तक छापेमारी, 106 अरेस्ट

उत्तर प्रदेश, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, असम, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, पुडुचेरी, ओडिशा और राजस्थान में गुरुवार को एनआईए ने श्वष्ठ के साथ मिलकर छापेमारी की। रेड में करीब 300 से ज्यादा एनआईए अधिकारी शामिल रहे। इस दौरान जांच एजेंसी ने पीएफआई के 106 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया।



### क्यों हुई छापेमारी, 3 वजहें...

1. राज्यों में टेरर फंडिंग करने का आरोप: एनआईए अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और हैदराबाद में आतंकी गतिविधि बढ़ाने के लिए भारी संख्या में टेरर फंडिंग की गई है। लिंक खंगालने के बाद जांच एजेंसी ने यह कार्रवाई की है।
2. ट्रेनिंग कैंप लगाने का आरोप: सूत्रों के मुताबिक एनआईए को सूचना मिली कि कई राज्यों में पिछले कुछ महीनों से पीएफआई बड़े स्तर पर ट्रेनिंग कैंप लगा रही है। इसमें हथियार चलाने की ट्रेनिंग देने के साथ लोगों का ब्रेनवॉश भी किया जा रहा था।
3. फुलवारी शरीफ का लिंक: जुलाई में पटना के पास फुलवारी शरीफ में मिले आतंकी मॉड्यूल को लेकर भी छापेमारी की गई है। फुलवारी शरीफ में पीएफआई के सदस्यों के पास से इंडिया 2047 नाम का 7 पेज का डॉक्यूमेंट भी मिला था। इसमें अगले 25 साल में भारत को मुस्लिम राष्ट्र बनाने की प्लानिंग थी।

# राहुल ने साफ कह दिया गैर-गांधी ही अध्यक्ष बनेगा : गहलोत

## मुख्यमंत्री ने कहा अब मैं कांग्रेस अध्यक्ष के लिए नामांकन दाखिल करूंगा



जयपुर/कोच्चि।

राहुल गांधी से केरल में मुलाकात करने के बाद अशोक गहलोत ने अध्यक्ष पद पर नामांकन दाखिल करने की घोषणा की है। राहुल गांधी ने फिर बगैर गांधी को ही अध्यक्ष बनाने की बात कही, जिसके बाद गहलोत नामांकन भरने के लिए तैयार हो गए हैं। राहुल गांधी ने अशोक गहलोत से मुलाकात में साफ कहा कि इस बार गैर गांधी ही अध्यक्ष बनेगा, यह फाइनल फैसला है, गांधी परिवार से अध्यक्ष नहीं बनेगा।

गहलोत ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि मुझे राहुल गांधी से एक बार मिलकर रिक्वेस्ट करनी थी। देशभर में प्रदेश कांग्रेस कमेटियां राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाने के लिए प्रस्ताव पास कर रही हैं, तो हमने कहा कि उसी रूप में अध्यक्ष पद स्वीकार कीजिए। मैंने काफी बात की, कोशिश की। उन्होंने- राहुल गांधी ने- कहा कि हमने एक बार फैसला कर लिया कि इस बार कोई गांधी परिवार का अध्यक्ष नहीं बनेगा] यह साफ कह दिया है। उन्होंने कहा कि मुझे मालूम है कि सब चाहते हैं, मैं उनका सम्मान करता हूं। मेरे लिए प्रस्ताव पास किए , मेरे दिल में उनके प्रति सम्मान का भाव है। कुछ कारणों से इस बार हमने तय कर लिया कि नोन गांधी फैमिली का व्यक्ति ही अध्यक्ष बने।

### कोई कांग्रेस अध्यक्ष मुख्यमंत्री नहीं रहा, मैं अध्यक्ष के रूप में काम करूंगा

सीएम पद छोड़ने के सवाल पर गहलोत ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष जो बनता है, और आज तक जो भी कांग्रेस अध्यक्ष बना है, वह मुख्यमंत्री नहीं रहा। मुझे चांस मिलता है तो कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में ही काम करूंगा।राजस्थान में सीएम पद खाली होने पर अगले चेहरे के सवाल पर गहलोत ने कहा कि अगली प्रक्रिया के बारे में फैसला सोनिया गांधी करेंगी। सोनिया गांधी और प्रभारी महासचिव अजय माकन मिलकर तय करेंगे।

# मेयर सौम्या गुर्जर को पद से हटा सकती है सरकार

## सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र किया

जयपुर।



जयपुर नगर निगम ग्रेटर की मेयर डॉ. सौम्या गुर्जर को आज सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। राज्य सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट जो न्यायिक जांच रिपोर्ट पेश की थी उसे कोर्ट ने सही मानते हुए सरकार को कार्रवाई के लिए स्वतंत्र कर दिया है। हालांकि कोर्ट ने कार्रवाई 2 दिन बाद यानी 25 सितंबर बाद ही करने के निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद अब संभावना है कि 26 सितंबर को कोर्ट के आदेशों की रिर्टन कॉपी मिलने के बाद सरकार सौम्या गुर्जर को किसी भी समय पद से बर्खास्त कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट में आज हुई सुनवाई में जस्टिस अजय ओक और जस्टिस संजय किशन कौल ने ये आदेश सुनाए। सुप्रीम कोर्ट में राज्य सरकार की तरफ से अतिरिक्त महाधिवक्ता मनीष सिंघवी ने बताया कि कोर्ट ने सुनवाई के बाद निर्देश दिए है कि सरकार न्यायिक जांच की रिपोर्ट के बाद नियमानुसार कार्यवाही करें। कोर्ट ने सरकार को कहा- वह 2 दिन इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं करें। मेयर सौम्या गुर्जर की तरफ से पैरवी सीनियर एडवोकेट रूचि कोहली ने की। आपको बता दें कि मेयर सौम्या गुर्जर और अन्य तीन पार्षदों के खिलाफ जून 2021 में शुरू की गई न्यायिक जांच की रिपोर्ट पिछले महीने 10 अगस्त को सरकार को पेश की गई थी, जिसमें सौम्या समेत अन्य 3 पार्षदों को दोषी पाया गया था। इस रिपोर्ट को सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में पेश किया था और मामले पर जल्द से जल्द सुनवाई की मांग की थी।

# पर्यावरण के नाम पर परियोजनाएं अनावश्यक ठप न करें

## अर्बन नक्सलियों ने सालों रोका सरदार सरोवर बांध का काम : पीएम मोदी

अहमदाबाद।

देश के सभी राज्यों के पर्यावरण मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- पर्यावरण के नाम पर विकास की परियोजनाओं को अनावश्यक ठप न करें। उन्होंने सरदार सरोवर बांध का उदाहरण देकर कहा- अर्बन नक्सली कई सालों तक बांध के निर्माण का काम रोके रहे।

मोदी ने कहा- देश आजाद होते ही सरदार सरोवर बांध के काम शुरू हुआ। पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने इसका शिलान्यास किया था। इसके बाद अर्बन नक्सली एक्टिव हो गए और नर्मदा नदी पर बनने वाले इस बांध का काम यह दावा करते हुए रोका कि यह पर्यावरण को नुकसान पहुंचाएगा।

इसका परिणाम ये हुआ कि बांध बनने में कई दशक लग गए। इसका उद्घाटन तब हो सका जब मैं प्रधानमंत्री बना। इस देरी के कारण भारी मात्रा में धन बर्बाद हो गया था। अब जब बांध पूरा हो गया है, आप अच्छी तरह से अंदाजा लगा सकते हैं कि उन अर्बन नक्सलियों दावे कितने संदिग्ध थे।



# सुप्रीम कोर्ट का शराब की बोतलों पर स्वास्थ्य चेतावनी की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इंकार

नई दिल्ली।

तंबाकू की तुलना में शराब कहीं अधिक हानिकारक है लेकिन इसके बोतल पर स्वास्थ्य चेतावनी नहीं होती है, इसपर चिंता जताते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। लेकिन कोर्ट ने कहा कि वह पालिसी बनाने मामले में दखल नहीं देगा और मामले पर सुनवाई से इंकार कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को शराब की बोतलों पर स्वास्थ्य चेतावनी सुनिश्चित कराने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इंकार कर दिया। जिस तरह तंबाकू उत्पादों पर स्वास्थ्य संबंधित चेतावनी दी रहती है शराब की बोतलों पर भी वैसी ही चेतावनी के लिए सरकारी अथारिटी को निर्देश देने की मांग वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई थी। याचिका को खारिज करते हुए कोर्ट ने कहा कि यह पालिसी मामले में दखल देने नहीं देगी।



### नीति निर्माण विभाग का है ये काम

मामले की सुनवाई करने वाली बेंच में चीफ जस्टिस यूयू ललित और जस्टिस इंदिरा बनर्जी और एस रविंद्र भट हैं। बेंच ने कहा कि ऐसे मामले सरकार की नीति निर्माण विभाग के तहत आते हैं। याचिकाकर्ता और वकील अश्विनी उपाध्याय ने कहा, सिगरेट की तुलना में शराब दस गुना अधिक नुकसानदेह है। सिगरेट के पैकेट पर स्वास्थ्य चेतावनी को कोर्ट के आदेश पर ही अनिवार्य किया गया उसी तरह शराब की बोतल पर भी यह होना चाहिए।

### हेल्थ इंपैक्ट असेसमेंट की भी मांग

इसके अलावा याचिका में एक और निर्देश की मांग की गई जिसमें कहा गया कि श्वह्व जिस तरह विकासशील परियोजनाओं के लिए जरूरी है वैसे ही एचआईए भी उत्पादों के लिए जरूरी होना चाहिए। बेंच ने कहा कि शराब के मामले में कुछ सुझाव हैं कि यदि इसे सीमित मात्रा में लिए जाए तो यह स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।

# राजस्थान में मानसून फिर एक्टिव, 4 इंच तक बरसात

**जयपुर।** राजस्थान में फिर से सक्रिय हुए मानसून के कारण आज जयपुर समेत पूर्वी राजस्थान के कई जिलों में बारिश हो रही है। भरतपुर, जयपुर, अजमेर, कोटा संभाग के कई जिलों में आसमान सुबह से घने बादलों से घिरा हुआ है। वहीं, मौसम विभाग के अनुसार बारिश का यह दौर आने वाले दिनों में भी जारी रह सकता है। दो दिन से हो रही बारिश के कारण दिन के तापमान में भी कमी आई है। बदले मौसम के कारण तैयार खड़ी खरीफ की फसल के नुकसान होने की आशंका बढ़ गई है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार बंगाल की खाड़ी से आए सिस्टम से राजस्थान में फिर से तेज बारिश का दौर स्टार्ट हुआ है। मौसम केन्द्र जयपुर से मिली रिपोर्ट देखें तो पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा बरसात अलवर के कोटकासिम में 118एमएम (4.64 इंच) बारिश दर्ज हुई। इसके अलावा बानसूर, गोविंदगढ़, रामगढ़, टपूकड़ा में भी 50एमएम से ज्यादा बारिश हुई। इधर भरतपुर, दौसा, सवाई माधोपुर, टोंक, कोटा, झालावाड़, बूंदी, बारां में भी कई स्थानों पर तेज बारिश हुई। पीएम ने कहा- ये शहरी नक्सली अभी भी सक्रिय हैं। मैं आपसे यह सुनिश्चित करने का आग्रह करता हूं कि पर्यावरण के नाम पर परियोजनाएं अनावश्यक रूप से ठप न हों।

# पूर्णिया में शाह के निशाने पर रहे लालू-नीतीश सीमांचल के लोगों को डरने की जरूरत नहीं; यहां नरेंद्र मोदी की सरकार है : गृहमंत्री

पूर्णिया।



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पूर्णिया की सभा में 31 मिनट तक भाषण दिया। अपने भाषण में उन्होंने कई बार लालू-नीतीश का नाम लिया और उन पर जमकर हमला बोला। शुरुअत में नारों की धीमी आवाज पर उन्होंने कहा कि लालू के पेट में दर्द समझ में आता है आप लोगों को क्या हुआ है। सीमांचल जिलों में आया हूं तो लालू और नीतीश के पेट में दर्द होने लगा है। वे कह रहे हैं कि झगड़ा करवाएंगे। मैं कहता हूं कि ये काम आप लोग करते हैं, मेरी जरूरत नहीं है।

सीमांचल का इलाका नरेंद्र मोदी के भारत में है। सीमांचल के 4 जिलों के लोगों को कहना चाहता हूं कि यहां किसी को डरने की जरूरत नहीं है। मैं सभी को कहने आया हूं डरिएगा नहीं। यहां नरेंद्र मोदी की सरकार है। सीमांत जिलों में जनजातियों को प्रताड़ित किया जा रहा है।

उन्हें भगाया जा रहा है। केंद्र से भेजे जाने वाली राशि नहीं मिल रही है। इसलिए मैं आया हूं। नीतीश पर उन्होंने बड़ा हमला किया और कहा कि नीतीश कुमार ने छुरा घोंपा है। प्रधानमंत्री बनने के लिए आरजेडी और कांग्रेस की गोदी में नीतीश बैठ गए। नीतीश कुमार ने जॉर्ज फर्नाडीस के साथ भी धोखा किया। मांझी के साथ धोखा किया। अब बीजेपी को धोखा देकर लालू के पास चले गए। लालू और नीतीश को नसीहत देते हुए कहा कि ये धोखा मोदी जी के साथ नहीं है। बिहार की जनता के साथ है। 2024 का चुनाव में लालू-नीतीश की जोड़ी का जनता सूपड़ा साफ कर देगी। 2025 में भी भाजपा पूर्ण बहुमत से बिहार में सरकार बनाएगी।

# जयपुर में बिजनेसमैन की पत्नी को मारने वाले थे गोली, कुत्ते ने बचाया

## पुलिस बनकर डकैती की जेल में बनी प्लानिंग

जयपुर

जयपुर में पुलिस वाले बनकर डकैती डालने घर में घुसे बदमाशों का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। करधनी थाना पुलिस ने गिरोह के 6 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। डकैती के लिए मास्टर प्लान बनाने वाले दो क्रिमिनल दोस्तों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने गैंग के कब्जे से वारदात में यूज बाइक और कार को जब्त किया है। पूछताछ में सामने आया है कि जेल में बैठकर प्रोपर्टी कारोबारी के घर डकैती डालने की प्लानिंग बनाई गई। पुख्ता प्लानिंग के तहत रेकी भी की। लेकिन महिला हिम्मत दिखाते हुए लड़ने लगी। एक बदमाश बंदूक से गोली मारने वाला ता। इससे पहले पालतु डॉग के अटैक के चलते बदमाश भाग निकले।

डीसीपी (वेस्ट) वंदिता राणा ने बताया कि डकैती की प्लानिंग करने वाले मास्टर माइंड महेन्द्रगढ़ हरियाणा निवासी विकास उर्फ विक्की रोहीला और गोपाल उर्फ बन्टू की तलाश की जा रही है। वहीं, गैंग के बदमाश संजीव मीणा उर्फ संजय (23) पुत्र महेश कुमार मीणा निवासी शाहपुरा अमरसर (जयपुर), सरताज (32) पुत्र मेहराज, उसके भाई शाहरूख (26) और प्रमोद जाटव (31) पुत्र सुरजभान सिंह निवासी मुकटेश्वर गढ हापुरा (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार किया है। साथ ही विकास रैगर (20) पुत्र चौथमल निवासी गांव गुटामान सिंह रेनवाल (जयपुर) व पवन मीणा (20) पुत्र कैलाश चन्द्र मीणा निवासी गांव लालासर रेनवाल को गिरफ्तार किया गया है।

## सम्पादकीय

# हादसे की कड़ियां

हादसों को लेकर सरकार और समाज जिस तरह सोचने लगा है, उसमें इस घटना को भी एक आम दुर्घटना के तौर पर दर्ज किया जाएगा और बात आई-गई हो जाएगी। मगर क्या कभी यह सोचने की जरूरत समझी जाती है कि ऐसे हादसों की वजहें क्या होती हैं और खासतौर पर किन कारणों से कुछ लोग सड़कों के फुटपाथ या डिवाइडर जैसी जगहों पर सोते हैं, जो कई बार उनके लिए जानलेवा साबित होता है! निश्चित तौर पर रात के दो बजे लालबत्ती की जगह पर भी बेलगाम तरीके से ट्रक चला रहे चालक ने संतुलन खो दिया और आखिरकार इस हादसे को अंजाम दिया। सवाल है कि हमेशा ही सड़कों से गुजरने वाले वाहनों पर नजर रखने और चौकसी बरतने का दावा करने वाले यातायात महकमे या फिर पुलिस की नजर उस पर समय रहते क्यों नहीं पड़ी? क्या सड़कों पर रात में अराजक तरीके से वाहन चलाने वालों पर लगाम लगाने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है?

संभव है कि इस घटना में चार लोगों की मौत को चालक की लापरवाही का नतीजा मान लिया जाए और यह भी रोजमर्रा के हादसे के आंकड़ों में शुमार हो जाए। मगर क्या सरकार की यह जिम्मेदारी नहीं बनती कि वह उन कारकों पर भी गौर करे और उसका हल सुनिश्चित करे, जो ऐसी घटनाओं में एक अहम पहलू है? दिल्ली जैसे तमाम शहरों में आधी रात को सड़क पर निकलने पर कहीं भी सड़क किनारे फुटपाथ या अन्य जगहों पर सोए लोग दिख जाते हैं। जानलेवा हादसों के जोखिम के बावजूद इस तरह रात का वक्त काटने वाले लोग क्या सोने के लिए शौक से ऐसी जगहों का चुनाव करते हैं?

जाहिर है, इनमें से लगभग सभी वैसे लोग होते हैं, जिनके पास रहने के लिए कोई कोना नहीं होता। इसलिए कई तरह के अभाव से जूझते हुए वे लोग फुटपाथ या फिर किसी अन्य जगह पर रात में सो जाते हैं। इसी में कई बार वे बेलगाम वाहनों से कुचल कर मारे भी जाते हैं। किसी महानगर में शहरी नियोजन की ऐसी हालत को किसी भी सरकार के लिए एक शर्म की तरह देखा जाना चाहिए।

विडंबना यह है कि अर्थव्यवस्था और विकास के दावों के बीच सरकारों को यह सोचने की जरूरत भी शायद महसूस नहीं होती है कि इस समस्या के कारणों की पहचान की जाए और उसी मुताबिक हल निकाले जाएं। दिल्ली सरकार अक्सर आम आदमी के प्रति अपने सरोकारों का प्रचार करती रहती है। लेकिन सड़क यातायात से लेकर फुटपाथों पर रहने वालों के लिए न्यूनतम व्यवस्था करने को लेकर वह कितनी गंभीर है, यह आए दिन सामने आता रहता है। दिल्ली में बेघर लोगों के साथ ऐसे हादसे होते रहने के बावजूद सरकार इस पहलू पर गौर नहीं करती कि इनके लिए कोई सुरक्षित ठिकाना बनाया जाए या इससे संबंधित किसी व्यावहारिक योजना को कार्यरूप दिया जाए। जो रैन बसेरे बने भी हुए हैं, उन तक सीमित लोगों की पहुंच है। फिर वहां की व्यवस्था की वजह से कितने लोगों को इसकी सुविधा मिल पाती है, यह छिपा नहीं है। जरूरत है कि सिर्फ कोई ठौर नहीं होने की वजह से हादसों का शिकार होने वाले लोगों को लेकर सरकार कोई ठोस और सुचिंतित योजना पर काम करे, अन्यथा महानगरों की चकाचौंध के बीच त्रासदी की जिम्मेदारी भी उसी है।

# जनसंख्या नीति और सुशासन

**जनसंख्या और सुशासन का गहरा संबंध है। सुशासन एक लोकप्रवर्धित अवधारणा है, जिसके केंद्र में जन सरोकार होता है। इसके निहित भाव में गांधी का सर्वोदय शामिल देखा जा सकता है। सुशासन लोक सशक्ति करण का परिचायक है, जबकि जनसंख्या विस्फोट समावेशी विकास के लिए चुनौती है। सुशासन उसी अनुपात में चाहिए, जिस अनुपात में जनसंख्या है। साथ ही समावेशी विकास का ढांचा और सतत विकास की प्रक्रिया इस प्रारूप में हो कि समाज आदर्श न सही, व्यावहारिक रूप से सुव्यवस्थित और सु-जीवन के योग्य हो। इस सुव्यवस्था के लिए जनसंख्या नीति एक कारगर उपाय हो सकता है। अगर इसके गंभीर पक्षों को देखें तो भारत में जनांकिकीय संक्रमण द्वितीय अवस्था में है। एक ओर जहां स्वास्थ्य सुविधाओं के विकेंद्रीकरण के चलते मृत्यु दर में कमी आई है, तो वहीं दूसरी ओर जन्मदर में अपेक्षित कमी ला पाने में सफलता नहीं मिल पाई है। यह इस बात का संकेत है कि दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी जनसंख्या वाला भारत जल्दी ही चीन को पीछे छोड़ सकता है। विश्व जनसंख्या संभावना रिपोर्ट 2022 में इसकी मुनादी भी हो चुकी है।**

**बेरोजगारी,** खाद्य समस्या, कुपोषण, प्रति व्यक्ति निम्न आय, निर्धनता में वृद्धि और महंगाई का बढ़ना स्वाभाविक है। कृषि पर बोझ बढ़ना, बचत और पूंजी निर्माण में कमी आना, अपराध में वृद्धि, पलायन का बढ़ना और शहरी दबाव के साथ समस्याएं पैदा होना भी लाजमी है। अगर बढ़ती जनसंख्या कई समस्याओं को हवा दे रही है, तो यह सुशासन की गर्मी को ठंडा भी कर सकती है। अनुमान है कि 2022 के अंत तक चीन और भारत की जनसंख्या लगभग बराबर होगी और 2023 में भारत आबादी के मामले में चीन को पछाड़ देगा। आंकड़े यह भी दर्शाते हैं कि 15 नवंबर, 2022 तक दुनिया आठ अरब की जनसंख्या वाले आंकड़े को छू लेगी, 2030 तक यह साढ़े आठ अरब और 2050 तक 9.7 अरब हो जाएगी। संसाधन की दृष्टि से पृथ्वी संभवतः दस अरब की आबादी को पोषण और भोजन उपलब्ध करा सकती है। जाहिर है, उक्त आंकड़े चेता रहे हैं कि अगर जनसंख्या नियंत्रण को लेकर अब भी दूरी बनाए रखी गई तो जीवन के लिए खतरे कहीं अधिक बड़े रूप में खड़े होंगे। भारत में जनसंख्या नीति पर काम स्वतंत्रता के बाद ही शुरू हो गया था, मगर इसे समस्या न मानने के चलते तवज्जो ही नहीं दिया गया। तीसरी पंचवर्षीय योजना के समय जनसंख्या वृद्धि में तेजी महसूस की गई। चौथी पंचवर्षीय योजना में जनसंख्या नीति को प्राथमिकता दी गई। अंततः पांचवीं योजना में आपातकाल के दौरान राष्ट्रीय जनसंख्या नीति घोषित हुई। मगर उस दौर के हिसाब से यह अधिक दबावकारी थी। जनसंख्या नियंत्रण हेतु अनिवार्य बंध्याकरण कानून बनाने का अधिकार दे दिया गया था। इसलिए सरकार के पतन के साथ यह नीति छिन्न-भिन्न हो गई। जब 1977 में पहली गैर-कांग्रेसी सरकार आई तब एक बार फिर नई जनसंख्या नीति फलक पर तैरने लगी। पुरानी से सीख लेते हुए इसमें अनिवार्यता को समाप्त करते हुए स्वेच्छा के सिद्धांत को महत्त्व दिया गया और परिवार नियोजन के बजाय इसे परिवार कल्याण कार्यक्रम का रूप दिया गया।

जाहिर है, इसका खास प्रभाव देखने को नहीं मिला। जून 1981 में राष्ट्रीय जनसंख्या नीति में संशोधन हुआ। मगर देश की आबादी बढ़ती रही। 1951 में भारत की जनसंख्या छत्तीस करोड़ थी और 2001 तक यह आंकड़ा एक अरब को पार कर गया। यह इस बात का संकेत था कि जनसंख्या नियंत्रण हेतु जो नीति बनाई गई थी, उस पर दृढ़ता से पहल होनी चाहिए थी। जनसंख्या विस्फोट कई समस्याओं को जन्म देता है। इससे बेरोजगारी, खाद्य समस्या, कुपोषण, प्रति व्यक्ति निम्न आय, निर्धनता में वृद्धि और महंगाई का बढ़ना स्वाभाविक है। कृषि पर बोझ बढ़ना, बचत और पूंजी निर्माण में कमी आना, अपराध में वृद्धि, पलायन का बढ़ना और शहरी दबाव के साथ समस्याएं सृजित होना भी लाजमी है। अगर बढ़ती जनसंख्या कई समस्याओं को हवा दे रही है, तो यह सुशासन की गर्मी को ठंडा भी कर सकती है, जो सत्ता और जनता के हित में बिल्कुल नहीं है। बढ़ती जनसंख्या के मद्देनजर फरवरी 2000 में नई जनसंख्या नीति की घोषणा की गई, जिसमें जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार हेतु तीन उद्देश्य सुनिश्चित किए गए थे। बावजूद इसके 2011 की जनगणना में हर चौथा व्यक्ति अशिक्षित और



इतना ही गरीबी रेखा के नीचे दर्ज था। भारत में जनसंख्या नीति को लेकर अगर नैतिक सुधार किया जा रहा है, तो इसे जनसंख्या नियंत्रण के बजाय गुणवत्ता में सुधार की संज्ञा दी जा सकती है। दूसरा यह कि क्या वाकई सरकारें परिवार नियोजन को लेकर संजीदा हैं। पानी सिर के ऊपर पहले ही जा चुका है। भारत की जनसंख्या नीति अब केवल एक सरल मुद्दा नहीं, बल्कि यह धर्म और संप्रदाय में उलझने वाला एक दृष्टिकोण भी बन गया है। दिल्ली हाई कोर्ट में जनसंख्या नियंत्रण को लेकर एक याचिका दायर की गई थी, जिसमें इस दिशा में केंद्र सरकार को कदम उठाने का निर्देश देने की मांग की गई। अपील में कहा गया था कि देश में अपराध, प्रदूषण बढ़ने और संसाधनों तथा नौकरियों में कमी का मूल कारण जनसंख्या विस्फोट है। ऐसी समस्याएं सुशासन के लिए चुनौतियां पैदा करती हैं। भारत दुनिया का ऐसा पहला देश है, जिसने सबसे पहले 1952 में परिवार नियोजन अपनाया। बावजूद इसके, आज वह दुनिया की सबसे बड़ी आबादी बनने वाला है। यहां चीन की चर्चा लाजमी है। चीन में एक बच्चे की नीति की शुरुआत 1979 में हुई थी। तीन दशक बाद एक बच्चे वाली नीति पर उसे पुनर्विचार करना पड़ा। हालांकि वहां युवाओं की संख्या घटी और बूढ़ों की संख्या बढ़ गई।

इसलिए कई लोग मानते हैं कि भारत में जनसंख्या नियंत्रण कानून की अभी जरूरत नहीं है। कई नीति-निर्माताओं ने जनसंख्या विस्फोट और जनसंख्या नियंत्रण की आवश्यकता को गलत बताया है। 2021 में उत्तर प्रदेश सरकार ने विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर 2021-30 के लिए नई जनसंख्या नीति जारी की, जिसमें 2026 तक प्रति हजार जनसंख्या पर 2.1 और 2030 तक 1.9 तक प्रजनन दर लाने का लक्ष्य रखा गया था। फिलहाल भारत का सबसे बड़ी जनसंख्या वाले राज्य यूपी में मौजूदा प्रजनन दर 2.7 फीसद है। आंकड़ों को हकीकत में बदलने के लिए केवल कागजी कार्रवाई से काम नहीं चलता। दो बच्चा नीति को लेकर भी भारत में चर्चा जोरों पर रही है, मगर इसके लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। हालांकि असम में 2021 में दो बच्चे की नीति अपनाने का फैसला किया था। कई राज्यों में पंचायत चुनाव लड़ने वालों के लिए ऐसी योग्यता निर्धारित की गई है। संसाधन और सुशासन का भी गहरा नाता है। बढ़ रही जनसंख्या के लिए संसाधन बढ़ाना भी सुशासन का दायित्व है। किसी राष्ट्र की जनसंख्या और संसाधनों के मध्य घनिष्ठ संबंध होता है।

## आज का राशिफल

### मेष
आपको अपने उग्र स्वभाव और जिद्दी व्यवहार पर नियंत्रण रखने की जरूरत है। परिश्रम के बाद निर्धारित सफलता नहीं मिलने से मन में खिन्नता रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य भी कमजोर रहेगा। यात्रा के लिए योग्य समय नहीं है।

### वृषभ
आज आपकी कार्य सफलता में दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास की भूमिका होगी। पितृपक्ष की तरफ से लाभ होगा। विद्यार्थी पढ़ाई में रुचि बनाए रख सकेंगे। सरकारी काम में सफलता या लाभ मिलेगा।

### मिथुन
दिन की शुरुआत से ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव करेंगे। भाग्यवृद्धि के अवसर आएंगे। तेजी से बदलते हुए विचार आपको उलझपूर्ण स्थिति में रखेंगे। मित्रों सगे-स्नेहियों और पड़ोसियों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे।

### कर्क
आज मन में थोड़ी हताशा रह सकती है। परिवार में सदस्यों के साथ गलतफहमी या मनमुटाव होगा। इगो से किसी की भावनाओं को चोट पहुंचेगी। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। असंतोष की भावना से मन चिंतित रहेगा।

### सिंह
आत्मविश्वास तथा त्वरित निर्णय लेकर काम में आगे बढ़ सकेंगे। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। वाणी, व्यवहार में उग्रता तथा किसी के साथ इगो का टकराव होने की संभावना है। पिता या बुजुर्गों से लाभ प्राप्त होगा।

### कन्या
शारीरिक और मानसिक चिंता में रहेंगे। इगो के कारण किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। आकस्मिक धन खर्च होगा। दांपत्यजीवन में परेशानी आ सकती है। मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य खराब होगा।

### तुला
गृहस्थ जीवन में सुख और आनंद की प्राप्ति होगी। आय वृद्धि का योग है। ऑफिस, व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूल वातावरण रहेगा। पदोन्नति मिलने के योग हैं। पारिवारिक सदस्य तथा मित्र मंडल के साथ खुश रहेंगे।

### वृश्चिक
आज गृहस्थ जीवन की सार्थकता आपको समझ में आएगी। घर में आनंद उल्लास का वातावरण रहेगा। आपके सभी काम सरलता से पूरा होंगे। व्यापारियों को व्यापार में अच्छे अवसर मिलेंगे। आयवृद्धि होगी।

### धनु
आज कोई भी खतरनाक कदम आपको कठिनाई में डाल सकता है। किसी भी काम को करने में उमंग-उत्साह का अभाव रहेगा। शारीरिक तथा मानसिक रूप से चिंता में रहेंगे। नौकरी- धंधे में तकलीफ और अवरोध उत्पन्न होंगे।

### मकर
आज आपके लिए नकारात्मक विचारों से दूर रहने और खान-पान पर ध्यान देने की जरूरत है। अचानक धन खर्च होगा। चिकित्सा के पीछे खर्च होने की संभावना है। व्यापार में भागीदारों के साथ मतभेद बढ़ेंगे।

### कुंभ
आज का दिन आप घूमने-फिरने और मनोरंजन में व्यतीत करेंगे। पारिवारिक सदस्यों और मित्रों के साथ कहीं भोजन करेंगे। व्यवसाय में पार्टनरशिप के साथ अच्छा मेलजोल रहेगा। लोगों में आप सम्मानित बनेंगे।


### मीन
आपके दैनिक कार्य निर्विघ्न रूप से पूरे हो जाएंगे। आपके घर का माहौल सुख-शांति वाला रहेगा। साथ में काम करने वाले सहकर्मियों की मदद से आपका कार्य सरल बन जाएगा। ननिहाल से लाभ होने की उम्मीद है।

## बॉलीवुड समाचार

### तनुश्री दत्ता को की गई जान से मारने की कोशिश, बोलीं-

# कार के ब्रेक फेल करवाए पानी में भी जहर मिलाया गया

एक्ट्रेस तनुश्री दत्ता ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान कई खुलासे किए। उन्होंने कहा कि मी टू मूवमेंट पर खुलकर बात करने के बाद बॉलीवुड माफियाओं ने उन्हें कई बार जान से मारने की कोशिश की थी। साथ ही तनुश्री ने ये भी कहा कि एक-दो बार उनके कार के ब्रेक फेल करवाए गए और पानी में भी जहर मिलाया गया।



**मेरी कार के ब्रेक के साथ छेड़छाड़ की गई थी :** तनुश्री ने बताया, जब मैं उज्जैन में थीं, तब मेरी कार के ब्रेक के साथ एक-दो बार छेड़छाड़ की गई थी। इस वजह से मेरा एक बहुत बुरा एक्सीडेंट भी हुआ था। मेरी हड्डियां टूटने से बाल-बाल बची थीं। इस एक्सीडेंट ने मुझे कुछ महीनों के लिए जैसे रोक सा दिया था, क्योंकि मेरी चोटों को पूरी तरह से ठीक होने में काफी समय लगा था। उस एक्सीडेंट में मेरा बहुत खून बह गया था।

**तनुश्री को दिया गया था जहर :** तनुश्री ने आगे बताया कि एक बार उन्हें किसी ने जहर देने की कोशिश भी की थी। इस बारे में बात करे हुए वो कहती हैं, मेरी एक नौकरानी थी, जो मेरे घर में काम करती थी। उसके आने के बाद मैं धीरे-धीरे बीमार होने लगी थी। मुझे ऐसा लगता है कि उसने मेरे पानी में कुछ मिलाया था।


**तनुश्री ने नाना पाटेकर पर लगाए थे आरोप :** तनुश्री ने कुछ दिन पहले सोशल मीडिया के जरिए नाना पाटेकर पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा था कि अगर उन्हें कुछ हो जाता है, तो इसके जिम्मेदार नाना और उनके बॉलीवुड माफिया दोस्त होंगे। साथ ही उन्होंने ये भी कहा था कि ये लोग उन्हें टारगेट कर रहे हैं।

**क्या है पूरा मामला :** तनुश्री ने नाना पाटेकर पर नवंबर 2018 में आरोप लगाए थे कि 2008 में फिल्म हॉर्न ओके प्लीज के सेट पर नाना ने उन्हें गलत तरीके से छूने की कोशिश की थी। इसके बाद मुंबई पुलिस ने उनके खिलाफ मामला दर्ज किया था। इस केस के बाद नाना के हाथ से फिल्म हाउसफुल 3 समेत कई प्रोजेक्ट्स निकल गए थे, लेकिन जून 2019 में उन्हें इस केस से क्लीन चिट दे दी गई थी।

# फिल्म 'जवान' में थलापति विजय की एंट्री हुई कंफर्म

सुपरस्टार शाहरुख खान की अपकमिंग फिल्म जवान इन दिनों चर्चा में बनी हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म में साउथ सुपरस्टार थलपति विजय भी नजर आने वाले हैं।

इसके बारे में खुद जवान के डायरेक्टर एटली ने हिंट दिया है। दरअसल, एटली ने सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर की है, जिसमें उनके साथ शाहरुख खान और थलपति विजय नजर आ रहे हैं। एटली ने अपने बर्थडे सेलिब्रेशन की एक फोटो शेयर कर लिखा, मैं अपने बर्थडे पर और क्या मांग सकता हूं। मेरे पिलर्स के साथ मेरा अब तक का सबसे बेस्ट बर्थडे। मेरे प्रिय शाहरुख खान सर और मेरा भाई विजय थलपति।






# 47 राजस्व गांव नवगठित डेह तहसील में शामिल

## बजट में राज्य सरकार ने दी राहत, किसानों का राजस्व काम होगा आसान

रमेश जाजड़ा

**जायल( नागौर डेली न्यूज ) :** राज्य सरकार द्वारा बजट घोषणा में डेह को तहसील की सौगात देकर 47 गांवो के ग्रामीणों को बड़ी राहत प्रदान की है, जिससे किसानों को अब राजस्व कार्य को लेकर लम्बी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। राज्य सरकार द्वारा जायल तहसील से पृथक कर डेह को नवीन तहसील बनाई गई। नई तहसील की अधिसूचना के साथ ही अब जायल तहसील के ऑनलाइन राजस्व में डाटा 142 गांवों में से जायल तहसील में 95 एवं डेह तहसील 47 गांव बांटे गये है। नवगठित डेह तहसील को अब 14 पटवार मण्ड्ल, 4 भू अभिलेख वृत ,47 गांवो को शामिल किया गया। नवगठित डेह तहसील बनने से आसपास के ग्रामीण स्तर के किसानों को राजस्व कार्य करवाने में आसानी होगी ,डेह को तहसील बनाने की मांग स्थानीय लोगो सहित जनप्रतिनिधियों ओर डेह तहसील निर्माण संघर्ष समिति द्वारा वर्षो से मांग की जा रही थी।

### डेह तहसील में शामिल 47 राजस्व ग्राम

आवलियासर ,जालनियासर, नयागांव, बागरासर,बोसेरी, आकोड़ा,कांगसिया, डोडू,निम्बोडा, मीठा मांजरा, कमेडिया, गड़रिया, नोसरिया, खेराट, जसनाथपुरा, जानेवा पूर्व, जानेवा पश्चिम, सेडाउ, खेड़ा हिरावास, छापड़ा, किशनपुरा, डेह, खंवर, सोमणा, गोठ, तेजासर, पीडियारा, मांगलोद, रातगा, सुवादिया, एवाद, सोनेली, गुगरियाली, गुढा रोहिली, चवाद, रामसर, झाड़ेली, बुरड़ी, रामपुरा बी, खारा मांजरा, चावली, ढाकासर, तंवरा, खाबड़ियाना, टालनियाऊ, मुन्दीयाऊ, सुरपालिया आदि।

# एमनेस्टी स्कीम से निस्तारित होंगे रॉयल्टी के मामले : प्रमोद भाया

जयपुर।



खान मंत्री प्रमोद भाया ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि विभाग द्वारा नियमित रूप से एमनेस्टी स्कीम के माध्यम से रॉयल्टी वसूली संबंधित मामलों का निस्तारण किया जाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भी नई एमनेस्टी स्कीम के तहत बड़ी संख्या में ऐसे प्रकरणों का निस्तारण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि रॉयल्टी के बहुत से प्रकरणों में व्यक्ति के नाम पर संपत्ति नहीं होने अथवा पारिवारिक बंटवारे की संपत्ति होने के कारण नीलामी संभव नहीं होने के कारण वसूली नहीं हो पाती है। भाया ने प्रश्नकाल के दौरान इस संबंध में सदस्य द्वारा पूछे गये पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि वर्तमान में 19 प्रकरण ?से हैं, जिन पर स्थगन है उनसे 32 करोड़ रुपये की राशि अपेक्षित है। उन्होंने बताया कि भू- राजस्व अधिनियम- 1956 के तहत वसूली की प्रक्रिया की जाती है। उन्होंने बताया कि हिन्दुस्तान जिंक के रॉयल्टी के कुल 7 प्रकरण हैं। इनमें से 5 प्रकरणों में न्यायालय का स्थगन है, जिसमें एक हजार 426 करोड़ रुपये की वसूली बकाया है। उन्होंने कहा कि 2 प्रकरण केन्द्र सरकार के ट्रिब्यूनल में स्थगन में है, जिनमें 4.16 करोड़ रुपये की राशि है। उन्होंने कहा राज्य सरकार की ओर से इन प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण का पूरा प्रयास किया जा रहा है। इससे पहले खान मंत्री ने विधायक रफीक खान के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में कहा कि वर्ष 2019-20, 2020-21, 2021-22 तथा 2022-23 (अगस्त, 2022 तक) में रॉयल्टीं से सरकार को रुपये 27546.73 करोड़ की आय प्राप्त हुई जिसमें प्रधान व अप्रधान खनिजों की रॉयल्टी रुपये 15851.76 करोड़ तथा क्रूड ऑयल व प्राकृतिक गैस की रॉयल्टी रूपये 11694.97 करोड़ है। उन्होंने कहा कि उक्त अवधि में हिन्दुरस्तान जिंक लिमिटेड से रूपये 7826.49 करोड़ की रॉयल्टी प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि रॉयल्टी से संबंधित कई मामले विभिन्न न्यायालयों में लंबित हैं।

# अलर्ट मोड में नागौर पुलिस, एटीएम बदलकर ठगी करने वाली अन्तर्राज्यीय गैंग के 3 ठगों को दबोचा

## कार्यवाही के दौरान पुलिस की गाड़ी पलटने से पांच पुलिसकर्मी हुए घायल

सद्दाम रंगरेज



**नागौर( नागौर डेली न्यूज ) :** नागौर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए एटीएम बदलकर ठगी करने वाली अन्तर्राज्यीय गैंग के 3 लोगो को दबोचा है, लेकिन इस कार्यवाही के दौरान पुलिस की एक गाड़ी बाइक सवार को बचाने के चक्कर में पलट गई। दुर्घटना में पांच पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार नागौर में आज एसपी ऑफिस और कलेक्ट्रेट के पास ठगों ने प्रार्थी देरामाराम पुत्र भंवरलाल जाति मेघवाल उम्र 35 साल निवासी गोगेलाव नागौर से एटीएम मशीन पर बुजुर्ग का एटीएम बदल लिया। इसके बाद महिला थाने के सामने एक एटीएम से 5 बार में 76 हजार रुपए निकाल लिए। बुजुर्ग के खाते से रुपए कटने का मैसेज आया तो वह तुरंत एसपी ऑफिस पहुंच गया। एसपी राममूर्ति जोशी ने तुरंत एक्शन के निर्देश दिए। फुटेज के आधार पर कोतवाली पुलिस सहित जिले की पुलिस को अलर्ट कर दिया। सूचना मिली कि दो आरोपी स्विफ्ट कार से रोल थाना इलाके की तरफ भागे हैं। इलाके में नाकाबंदी कराई गई। लेकिन बदमाश कार दौड़ते हुए भाग निकले। पुलिस की टीमों ने आरोपियों का पीछा करना शुरू किया। फागली के पास पुलिस की कार ने आरोपियों की कार को ओवरटेक कर दोनों बदमाशों को पकड़ लिया।

**और पलट गई पुलिस कार :** इस दौरान पीछा कर रही पुलिस की एक कार रोल इलाके में बाइक सवार को बचाने के चक्कर में पलट गई। इस कार में सवार चार कॉन्स्टेबल और एक हेड कॉन्स्टेबल घायल हो गए। घायलों को रोल सरकारी अस्पताल में उपचार के बाद जेएलएन अस्पताल रेफर किया गया, जहां उनका उपचार जारी है। घायलों में रोल थाने के ओमप्रकाश, रतनाराम, कैलाश, अखाराम और प्रकाशराम शामिल हैं। ये सभी पुलिसकर्मी रोल थाने के हैं।

**20-25 किमी पीछा कर पड़का अन्तर्राज्यीय गैंग को :** पुलिस ने जिन 3 आरोपियों का पकड़ा हैं वे अन्तर्राज्यीय गैंग से जुड़े हैं। ये गैंग एटीएम बदलकर ठगी करती है। पुलिस ने मात्र दो घंटे में 20-25 कि.मी. तक पीछा कर तकनीकी सहायता व फील्ड इनपुट्स के बेहतर सामंजस्य से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये तीनों आरोपी हरियाणा के मूल निवासी हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से स्विफ्ट कार तथा विभिन्न बैंकों के 16 एटीएम कार्ड भी जब्त किए हैं। आरोपियों को सरहद फागली, थाना रोल से किया गिरफ्तार किया गया।

### ऐसे करते थे ठगी

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरेपी राकेश, महावीर व संजय एटीएम मशीनों के आसपास घूमकर लोगो को झांसे में लेकर एटीएम बदलकर उनके पिन नं. जानकार एटीएम मशीनों से दूसरे के खातो में से रूपये निकालकर ठगी की वारदात करते है। आरोपियों ने पहले भी दिल्ली, गुड़गांव, हिसार, रोहतक व हरियाणा मे कई स्थाना`पर करीब 20 से ज्यादा वारदात करना स्वीकार किया है।

### ये आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

पुलिस ने राकेश पुत्र धर्म वीर जाति सांसी उम्र 27 साल निवासी राजथल पुलिस थाना नारनोंद जिला हिसार हरियाणा, महावीर पुत्र बलवीर जाति सांसी उम्र 45 साल निवासी डाटा पुलिस थाना हासी जिला हिसार हरियाणा व संजय सांसी पुत्र हवासिंह जाति सांसी उम्र 30 साल निवासी कन्नोह पुलिस थाना अग्रोला जिला हिसार हरियाणा को गिरफ्तार किया है।

# रक्तदान शिविर के बहुरंगी पोस्टर का किया विमोचन

## आगामी 29 सितंबर को रक्तदान शिविर का होगा आयोजन




सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज )** : मेड़तासिटी शहर के बॉयज ग्रुप पटेल नगर में स्वर्गीय लक्ष्मण नायक की प्रथम पुण्यतिथी को लेकर राम धाम श्रीदेवल के महंत रामकिशोर महाराज व उत्तराधिकारी महंत रामनिवास शास्त्री, ब्लड डोनेशन मोटीवेटर व यूनिक अध्यक्ष शौकत अली भाटी ने बहुरंगी पोस्टर का विमोचन किया। शिविर संयोजक जसवन्त पंवार ने बताया कि शिविर का आयोजन पालिका के पास स्थित रावणा राजपूत समाज भवन में आगामी 29 सितंबर को होगा, जिसमे युवाओं ने 100 यूनिट रक्त संग्रह करने का लक्ष्य रखा है। इस मौके पर एबीवीपी नगर अध्यक्ष महेन्द्रसिह चौहान, शिविर प्रभारी मोहित ईनाणी, रमनराम महाराज, रामचंद्र नायक, बीरबल नायक, दिनेश नायक, एडवोकेट चंदन सिंह. एडवोकेट ओम, गुलाम रबानी, गोपाल वैष्णव, रामसरूप, यशपाल नायक, सुनील नायक, महेंद्र नायक, हिमांशू नायक, भरत पंवार, जय पंवार, उमर फारूक आदि मौजूद रहे।

# ऐतिहासिक पुरुष नवाब दादा कायम खान 'स्मारक' की रखी गई संगे बुनियाद



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के खान मौहल्ला में शुक्रवार को जुम्मे की नमाज के बाद कायमखानी क़ौम के प्रथम पुरूष नवाब कायम ख़ान 'स्मारक' की संगे बुनियाद रखी गई। कुचामन नगर परिषद के सभापति आसिफ खान, हाजी मुकारब खान, हाफिज तबरेज खान, हाजी हबीब खान, हाजी अब्दुल अजीज खान, कुचामन कृषि मंडी के पूर्व उपाध्यक्ष व पार्षद आरीफ खान, हाजी शाहीद खान, रऊफ खान, शहीद खान, अब्दुल जब्बार खान फौजी, कामरेड् अब्बास खान, शेर खान, यासीन खान, इलियास खान, मुनीम खान, वहाब खान, इमदाद खान, इकबाल खान, अहसान खान, मेंजर अली खान, आबिद खान, पार्षद इमरान खान, डाक्टर लुकमान खान, हाजी असगर खान, हफीज खान मास्टर, कारी जब्बार खान, सनीफ खान, इंतकाम खान आदि सैंकड़ों बुजुर्ग व युवा सरदारों के हाथों इस स्मारक की संगे बुनियाद रखी गई। ज्ञात रहे हाल ही में कुचामन नगर परिषद ने इस स्मारक को बनाने के दस लाख का बजट पास किया था।



# मूंडवा में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुम्भारंभ

अ.रहमान देवड़ा



**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** मारवाड़ मूंडवा में शुक्रवार से सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का शुम्भारंभ हुआ। प्रथम दिवस पर कथा प्रवक्ता करुणामूर्ति धाम भादवासी आश्रम के मुख्य अधिष्ठाता त्यागी संत हेतमराम महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा में कलश यात्रा का अर्थ है समाज में हो रही झगड़ों को मिटाकर समाज को एकजुट करना। सास बहू के बीच आए राग द्वेष को मिटाकर प्रेम का संचार करना। कलश रिद्धि-सिद्धि का प्रतीक है।

इसका हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। कलश यात्रा का महत्व बताते हुए कहा कि कलश में भरा पवित्र जल इस बात का संकेत हैं कि हमारा मन भी जल की तरह हमेशा ही शीतल, स्वच्छ एवं निर्मल बना रहें। हमारा मन श्रद्धा, संवेदना एवं सरलता से भरे रहें। यह क्रोध, लोभ, मोह-माया, ईष्या और घृणा आदि कुत्सित भावनाओं से हमेशा दूर रखता है। पंडित मुकेश दाधिच ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ श्रीमद भागवत कथा का शुभारम्भ करवाया। त्यागी संत ने श्रीमद्भागवत कथा श्रवण के महत्व को समझाया तथा कलयुग में भगवान के नाम सुमिरन के बारे में बताया। उन्होंने कथा में कहा कि हमारा मन दर्पण के समान है, जिस प्रकार दर्पण गंदा हो जाता है तो उसको हम कपड़े से बार-बार साफ करते हैं उसी प्रकार से हमारा मन जब विकार युक्त हो जाता है तो कथा के माध्यम से सत्संग के माध्यम से निरंतर भगवान के नाम के सुमिरन करते हुए मन को निर्मल किया जाता है। मनुष्य को अपने जीवन में एक बार आवश्यक रूप से भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए, क्योंकि इस कलयुग में भागवत कथा ही है, जो मनुष्य को मोक्ष दिलाती है। बीच-बीच में भजनों की मधुर स्वर लहरियों पर श्रोता झूमने लगे। बड़ी संख्या में महिलाएं तथा पुरुष मौजूद रहे।

**भारत की धरा बहुत ही पुण्यशाली भूमि :** त्यागी संत ने कहा कि हमारे भारत की धरा बहुत ही पुण्यशाली भूमि है। इस भूमि पर जन्म लेने के लिए देवता भी तरसते हैं। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति व सभ्यता संसार में सर्व श्रेष्ठ है। इसे जीवन मे अपनाए। भगवान के प्रति अटूट श्रद्धा बनाए रखें। ईश्वर की कृपा के बगैर संसार मे कुछ नहीं होता हैं। कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती हैं, जब इसे हम अपने जीवन के व्यवहार में धारण कर निरंतर हरि स्मरण करते हुए अपने जीवन में आत्मसात करें।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर रमाकांत शर्मा, श्यामसुंदर कंदोई, महेंद्र तिवारी, कमल शर्मा, दिनेश प्रजापत, हरिओम तिवारी, गिरिराज, पवन भट्टड़, श्रीगोपाल सारड़ा, सुरेश राठी, अभिषेक सारड़ा, निर्मल सारड़ा, अभिषेक राठी, पवन भट्टड़, रामानुज बंग, रामकिशोर भट्टड़, प्रकाश कंदोई, महेंद्र तिवारी, कमल शर्मा, गोविंद बाहेती, दीपक कदोई व समाज के व्यक्ति उपस्थित रहे।

# प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री श्वेता सोनी के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन

### -बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर राजस्थान सरकार पर खड़ा किया गया सवाल

सुशील दिवाकर



**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज )।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। भाजपा की जिला महामंत्री श्वेता सोनी ने बताया कि राजस्थान में लगातार बढ़ रहे अपराध के ग्राफ को लेकर महिलाओं ने गुस्सा जाहिर किया। भाजपा की श्वेता सोनी ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा की राजस्थान में महिला उत्पीड़न में महिलाओं के साथ अत्याचार की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है राजस्थान में महिलाएं अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही है। पिछले 4 वर्षों में राजस्थान सरकार में बढ़ रहे महिला व दलितों पर अत्याचार बिगड़ी कानून व्यवस्था की रोकथाम करने में पूर्ण रूप से विफल रही है आए दिन गैंगवार की घटनाएं हो रही है गाड़ियों से कुचल कर हत्या हो रही है।

पुलिस और प्रशासन लॉ एंड ऑर्डर पूर्ण रूप से बिगड़ा हुआ है जिसको लेकर ज्ञापन दिया गया। इस मौके पर महिलाओं ने बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर राजस्थान सरकार पर जमकर हमला बोला है। इस ज्ञापन के कार्यक्रम में जिला मीडिया प्रभारी पूजा सोनी, कुचेरा मंडल अध्यक्ष जय ललिता, चित्रा, शांति भगवती मनीषा, पूर्व अध्यक्ष तनुजा पंवार, जिला मंत्री चंचल जोधा, पूजा सोनी राजकुमारी आचार्य, नंदिनी आचार्य, भाजपा शहर मंडल महामंत्री बजरंग लाल शर्मा जिला आईटी संयोजक सुनील बिश्नोई ,बलवंत विश्नोई ,जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला संयोजक डॉ. हापु राम चौधरी, एससी मोर्चा शहर अध्यक्ष नरेंद्र सियोटा मौजूद रहे।

# एमएसपी पर मूंग की खरीद को लेकर एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

## भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले किसानों ने सौंपा ज्ञापन

सुशील दिवाकर



**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले आज एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर हरियाणा की तरह राजस्थान में भी एमएसपी पर मूंग की खरीद करने की मांग की गई है। किसान नेता सुशील रियाड ने बताया कि राजस्थान मे खरीब 2022 की की फसल बाजार में आ चुकी है लेकिन एमएसपी पर मूंग की खरीदी शुरू नही हुई है। इसके चलते किसान पिछले 15 दिनों से मंडी में फसल बेच रहा है, जिससे किसानो का बड़ा नुकसान हो रहा है तथा मेड़ता क्षेत्र के किसानो को प्रतिदिन 60 लाख रुपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है तो राजस्थान के किसानों का करोडो रुपये का नुकसान हो रहा है। पहले से ही एमएसपी की रेट बहुत कम है। अभी किसानो के भुग 5500 से 6500 के बीच बेचना पड़ रहा है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति खराब हो रही है और किसान कर्ज के तले दबता जा रहा है।

पंजीयन सभी किसानों के किया जाये और पंजीयन की अवधि जब तक किसानों का पंजीयन नही हो जाये तब तक जारी रखे तथा नि:शुल्क पंजीयन तथा पर्याप्त मात्रा मे खरीदी की जाये। इस मौके पर पार्षद जाकिर खान सांखला,राजूराम भवरिया, श्यामलाल सहित ही अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# वन भूमि प्रत्यावर्तन के लंबित प्रकरणों का शीघ्र करें निस्तारण : शिखर अग्रवाल

**जयपुर।** वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के तहत वन भूमि प्रत्यावर्तन के वर्ष 2014 से पूर्व एवं बाद के लम्बित प्रकरणों के संबंध में प्रमुख शासन सचिव, वन विभाग शिखर अग्रवाल की अध्यक्षता में जयपुर स्थित अरण्य भवन के कॉफ्रेंस हॉल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभागवार समीक्षा बैठक आयोजित की गई। प्रमुख शासन सचिव ने वन विभाग के अधिकारियों को वन भूमि प्रत्यावर्तन के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश देते हुए कहा कि इरिगेशन एवं पेयजल से संबंधित कुछ प्रत्यावर्तन प्रकरणों के संबंध में जल संसाधन विभाग तथा जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के साथ संयुक्त बैठक आयोजित की जाए ताकि उक्त प्रकरणों का जल्द से जल्द समाधान किया जा सके। बैठक में डॉ. डी.एन. पाण्डेय, प्रधान मुख्य वन संरक्षक हॉफ द्वारा समस्त उप वन संरक्षक एवं मुख्य वन संरक्षक को अवगत कराया गया कि वन संरक्षण अधिनियम, 1980 में निहित प्रावधानों के अनुसार वन भूमि प्रत्यावर्तन प्रकरणों को स्वीकृत व निरस्त किये जाने की शक्तियाँ केवल केन्द्र एवं राज्य सरकार में ही निहित हैं।

# विधायक कोष से 35 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति जारी

मोहम्मद शहजाद



**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** मकराना विधायक रूपाराम मुरावतिया की अनुशंसा से मकराना विधानसभा क्षेत्र में विधायक कोष से विभिन्न ग्रामों के लिए 32 लाख 88 हजार रुपए की वित्तीय स्वीकृत जारी हुई है। विधायक मुरावतिया ने पिछले दिनों ग्राम वासियों के आग्रह पर प्रस्ताव तैयार करके जिला परिषद नागौर प्रेषित किए गए थे, जिनकी प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी हो गई है। विधायक मुरावतिया के अनुसार ग्राम पंचायत खारड़ीया में मुख्य सड़क से हनुमान बगीची की ओर सीसी ब्लॉक सड़क मय नाली निर्माण राशि 2.50 लाख रुपए, नगर परिषद मकराना क्षेत्र में मुरावतियों की ढाणी में पेयजल हेतु पाइपलाइन कार्य राशि 96 हजार रुपए, ग्राम पंचायत बिल्लू में महासती मंदिर के पास स्थित थ्री फेस नलकूप को गहरा करने का कार्य राशि 2 लाख रुपए का कार्य किया जाएगा। इसी प्रकार ग्राम पंचायत बिल्लू में ही छीलरा तालाब में स्थित थ्री फेस नलकूप को गहरा करने करने का कार्य राशि 2 लाख रुपए, नगर पालिका बोरावड में आंवला की ढाणी में सिंगल फेज नलकूप निर्माण कार्य हेतु 6 लाख 27 हजार रुपए, ग्राम पंचायत खारड़ीया के ग्राम छपारा में गंदे पानी की निकासी कार्य हेतु राशि 2 लाख 15 हजार रुपए से नवीन निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। साथ ही ग्राम पंचायत रामसिया में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में टीन शेड निर्माण कार्य हेतु राशि 7 लाख रुपए तथा ग्राम पंचायत इटावा लाखा के ग्राम ततारपुर में पानी की टंकी से हाबूराम मेघवाल के घर तक सीसी ब्लॉक सड़क मय नाली निर्माण हेतु 10 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृत जारी हुई है। विधायक मुरावतिया ने बताया कि सभी कार्यों की वित्तीय स्वीकृति जारी हो चुकी है तथा आगामी कुछ दिनों में कार्य शुरू करवा दिया जाएगा जिससे ग्राम वासियों को पेयजल, सड़क आदि कार्यों से सुविधा होगी। ग्राम वासियों ने विधायक मुरावतिया के प्रति आभार प्रकट किया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

# प्रोफेसरों पर जानलेवा करने वालों को गिरफ्तार करने की मांग



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** नागौर के बी.आर मिर्धा कॉलेज के अध्यक्ष व प्रोफेसर के बीच हुवे विवाद के बाद छात्रसंघ अध्यक्ष ने मिर्धा कॉलेज के प्रोफेसर अविनाश व्यास व जगदीश झींझा की कार को टक्कर मारकर जानलेवा हमला करने की जमकर भर्त्सना करते हुये राजकीय कालेज डेगाना के प्रोफेसरों एंव स्टाफ ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रिसीपल संजय भारद्वाज ने बताया की इस घटना के बाद मिर्धा कॉलेज के प्रिंसिपल व सभी प्रोफेसर व स्टाफ धरने पर बैठा है और पुलिस से आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे है, जिनके समर्थन में डेगाना महाविद्यालय के कॉलेज स्टाफ के द्वारा इस घटना के विरोध में काली पटी बांधकर विरोध किया गया। इस मौके पर कॉलेज के महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.संजय भारद्वाज, सह आचार्य जितेन्द्र सिह सिसोदिया, ओमप्रकाश, संदीप कुमार, रवि महावर, प्रकाश पेडीवाल, देवेन्द्रमेघवाल, मनीश जोशी, दिलीप सिंह एवं सुखाराम आदि ने विरोध दर्ज कराते हुये शिक्षा के मंदिर मे उपद्रव मचाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाही करने की मांग की।

# राजपूत करणी सेना के स्थापना दिवस पर गौ सेवा की



मोहम्मद शहजाद

**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** राजपूत करणी सेना के स्थापना दिवस के उपलक्ष में श्री राजपूत करणी सेना जिला अध्यक्ष रविन्द्र सिंह चौहान और तहसील अध्यक्ष नन्द सिंह चौहान के सानिध्य में गायो में चल रही लम्पि बीमारी को देखते हुये गायो को लापसी खिलायी गई और साथ ही पौधारोपण भी किया गया। इस मौके पर राम सिंह चौहान ने बताया कि यह जो गोवंश है जो सनातन का अंश है मानव का कर्त्तव्य बनता है कि सदैव वन्य जीव जन्तु पर्यावरण की रक्षा करें। इस दौरान श्री राजपूत करणी सेना के संस्थापक लोकेन्द्र सिंह कालवी साहब के शीघ्र ही स्वास्थ्य स्वस्थ होने की माँ भगवती से कामना की गई। इस अवसर पर विक्रम सिंह धौलेराव, नन्द सिंह, रविंद्र सिंह, कमलेन्द्र सिंह दिलढाणी, कृष्णसिंह नरूका, दुर्गा सिंह गुणावती, आनंद सिंह सहित करणी सेना टीम, श्री गोविन्द की गईया सेवा समिति टीम और श्री राजपूत करणी सेना मकराना के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# नाबालिका के साथ घर में घुसकर छेड़छाड़ व मारपीट के मामले में कोर्ट ने सुनाया फैसला

## न्यायधीश अलका शर्मा ने सुनाया फैसला

सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़तासिटी के पोक्सो कोर्ट ने नाबालिका के साथ घर में घुसकर छेड़खानी करने व मारपीट करने के मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपी को 3 वर्ष के कठोर कारावास व अर्थदंड से भी दंडित किया है विशिष्ट लोक अभियोजक सुमेर बेड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि मामला वर्ष 2019 मैं मेड़ता रोड थाने से जुड़ा हुआ है जहां पर आरोपी ने पीड़िता के घर में घुसकर उसके साथ छेड़छाड़ की इसके साथ ही मारपीट की घटना को अंजाम दिया इस पूरे मामले में न्यायधीश अलका शर्मा ने मामले में सुनवाई करते हुए आरोपी दुलाराम को 3 वर्ष के कठोर कारावास से दंडित किया है।

**मेड़तासिटी के पोक्सो कोर्ट 2 आरोपी को 3 साल के कठोर कारावास व अर्थदंड से भी किया दंडित**

# राजकीय सम्मान के साथ हुई शहीद की अंत्येष्टि



एजाज़ अहमद उस्मानी/महबूब खोखर

## हार्ट अटैक से सैनिक का निधन

**मेड़ता रोड/कुचेरा( नागौर डेली न्यूज ) :** नागौर जिले के डेगाना उपखंड क्षेत्र की चोलियास ग्राम पंचायत के पोलास गांव के फौजी पिता ने अपने सैनिक पुत्र को सेल्यूट कर अंतिम विदाई दी। बीकानेर आर्मी के आयुध डिपो में कार्यरत पांचाराम एचरा के 22 वर्षीय पुत्र दिलीप बिश्नोई दिल्ली आर्मी में लांस नायक के पद पर कार्यरत थे। 10 सितंबर को ही पैरा कमांडो की ट्रेनिंग के लिए दिलीप आगरा पहुंचे, जहां 12 सितंबर को दौड़ते वक्त अचानक तबीयत खराब होने से उसे दिल्ली आर्मी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान हृदय गति रुकने से दिलीप का निधन हो गया। सेना की सिख लाइट इन्फेंट्री रेजीमेंट के कैप्टन अमन सहारण दिलीप पार्थिव शव लेकर शुक्रवार को उसके पैतृक गांव पहुंचे, जहां सैकड़ों की तादाद में उपस्थित ग्रामवासियों में दिलीप अमर रहे के जयघोष के साथ नम आंखों से अंतिम विदाई दी। इससे पूर्व कैप्टन अमन के नेतृत्व में बटालियन द्वारा सैन्य सलामी देकर श्रद्धांजलि दी गई साथ ही पिता पांचाराम एचरा को दिलीप की वर्दी एवं राष्ट्रीय ध्वज सुपुर्द किया गया। हर दिल अजीज एवं जांबाज सैनिक दिलीप का अंतिम दर्शन करने समूचा गांव उमड़ पड़ा बच्चे बूढ़े जवान महिलाएं हाथ में तिरंगा लेकर दिलीप अमर रहे के नारे लगाते नजर आ रहे थे। अंत्येष्टि के दौरान कांग्रेसी नेता रिछपाल मिर्धा, महेंद्र चौधरी, डेगाना उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार, चोलियास सरपंच जस्सा राम चौधरी, मेड़ता पुलिस उपाधीक्षक मदनलाल जैफ, जारोड़ा सरपंच प्रतिनिधि पांचाराम बिश्नोई, कुचेरा थाना अधिकारी, मेड़ता रोड थाने के हेड कांस्टेबल रामनिवास चौधरी, प्रहलाद लटियाल, पुनाराम भादू, बिश्नोई समाज के मीडिया प्रभारी हेतराम लामरोड़ सहित अनेक जने मौजूद थे।

# शहीद कभी नहीं मरते, हमेशा अमर रहते हैं : मिर्धा

## शहीद दिलीप विश्नोई के गांव में नहीं जले चूल्हे

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना उपखंड क्षेत्र की चोलियास ग्राम पंचायत के पोलास गांव के फौजी पिता ने अपने सैनिक पुत्र को सेल्यूट कर अंतिम विदाई दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक व किसान नेता रिछपाल सिंह मिर्धा अंतिम विदाई में पहुंचे और कहा कि शहीदों को हमेशा याद रखा जाएगा और शहीद कभी मरते नहीं है हमेशा अमर रहते हैं। दिलीप बिश्नोई बीकानेर आर्मी के आयुध डिपो में कार्यरत पांचाराम एचरा का 22 वर्षीय पुत्र दिलीप बिश्नोई दिल्ली आर्मी में लांस नायक के पद पर कार्यरत था। 10 सितंबर को ही पैरा कमांडो की ट्रेनिंग के लिए दिलीप आगरा पहुंचा जहां 12 सितंबर को दौड़ते वक्त अचानक तबीयत खराब होने से उसे दिल्ली आर्मी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान हृदय गति रुकने से दिलीप का निधन हो गया। सेना की सिख लाइट इन्फेंट्री रेजीमेंट के कैप्टन अमन सहारण दिलीप का पार्थिव शव लेकर आज उसके पैतृक गांव पहुंचे जहां सैकड़ों की तादाद में उपस्थित ग्रामवासियों में दिलीप अमर रहे के जयघोष के साथ नम आंखों से अंतिम मिट्टी दी। इससे पूर्व कैप्टन अमन के नेतृत्व में बटालियन द्वारा सैन्य सलामी देकर श्रद्धांजलि दी गई साथ ही पिता पांचाराम एचरा को दिलीप की वर्दी एवं राष्ट्रीय ध्वज सुपुर्द किया गया। हर दिल अजीज एवं जांबाज सैनिक दिलीप का अंतिम दर्शन करने समूचा गांव उमड़ पड़ा बच्चे बूढ़े जवान महिलाएं हाथ में तिरंगा लेकर दिलीप अमर रहे के नारे लगाते नजर आ रहे थे। जांबाज सैनिक को अंतिम विदाई देने पहुंचे राजनेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों सहित पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान जब गांव में दिलीप का शव पहुंचा तो गांव के किसी घर में चूल्हे नहीं जले तथा सभी गांव वालों की आंखें आंसुओं से तर नजर आई। पूरे गांव का चहेता तथा सभी को खुश रखने वाला दिलीप लोगों की आंखों में आंसू देकर खुद तिरंगे में सिमट गया। अंत्येष्टि के दौरान पूर्व विधायक व किसान नेता रिछपाल मिर्धा, डेगाना उपखंड अधिकारी पंकज गढ़वाल एवं तहसीलदार सज्जन सिंह, चोलियास सरपंच जस्सा राम चौधरी, मेड़ता पुलिस उपाधीक्षक मदनलाल जैफ, कुचेरा थाना अधिकारी सहित जनसैलाब मौजूद रहा।

# अग्रसेन जयंती महोत्सव : फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों ने कलात्मक प्रतिभा का किया प्रदर्शन

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** सब्जी मंडी स्थित अग्रवाल भवन में अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में 10 दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत अग्रवाल समाज में फैन्सी ड्रेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके साथ प्रतिभा सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया, जिसमें निर्णायक प्रोजेक्ट मैनेजर विकास गोयल, कैलाश गंगल, डॉ. विजय कुमार गुप्ता, डॉ. कल्पना गुप्ता आदि रहे। मंच संचालन फैबुलस एकेडमी के संस्थापक सौरभ डालुका और महिला मंडल की अध्यक्षा ज्योति मोर ने किया। समाज अध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल (सांभरवाले) ने बताया कि समाज के कार्यक्रम में बच्चो ने फैन्सी ड्रेस कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और महाराजा अग्रसेन जी के जयकारो से आकाश को गुंजायमान कर दिया।

## इन प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

अग्रवाल समाज के प्रतिभा सम्मान समारोह में सीए इतिका अग्रवाल, सीए पल्लवी अग्रवाल, सीए खुशबू अग्रवाल, सीए हर्षिता अग्रवाल, सीए कीर्ति अग्रवाल, सीए मयंक अग्रवाल, सीए ललित मोर, सीए कृष्णा अग्रवाल, सीए योगेश अग्रवाल, सीए प्रगति अग्रवाल, सीए विकास पटवारी, सीए राहुल अग्रवाल, सीए सोनल अग्रवाल, सीए अरुण अग्रवाल, सीए अंशु अग्रवाल, सीए नेहा अग्रवाल, सीए सारिका बंसल, सीए तरुण अग्रवाल, सीए पियूष अग्रवाल, सीए शुभम अग्रवाल, सीए खुशी अग्रवाल, डॉ अर्चना अग्रवाल, डॉ हिमांशी अग्रवाल, प्रोफेसर मोना अग्रवाल, एमबीए अंकुर अग्रवाल, लक्ष्मी अग्रवाल, सुरभी अग्रवाल, निर्मल स्नेही, श्रुति अग्रवाल, अभिजीत अग्रवाल, रजत अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, शैफाली अग्रवाल, अमित अग्रवाल, काजल अग्रवाल, आशीष मोर, सचिन गोयल, कौशल कुमार, राघव अग्रवाल, सोनू अग्रवाल, अभिषेक गोयल, इंदिरा अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, कुशल बंसल, आदित्य अग्रवाल, चिरायु अग्रवाल, शुभम बंसल, मोनिका मोर, अंकिता अग्रवाल, शिखा बंसल आदि प्रतिभाओं को समानित किया गया। अग्रवाल नवयुवक मंडल के लोकेश मोर ने बताया कि फैंसी ड्रेस कार्यक्रम के संयोजक जयप्रकाश डालुका एवं अंकित मोर रहे। अग्रवाल नवयुवक मंडल के कोषाध्यक्ष शिवम गोयल ने बताया की इस प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 5 ग्रुप में प्रथम स्थान पर अंश गोयल, द्वितीय स्थान पर अनाया डालूका और मिस्टी शेखराजका, तृतीय स्थान पर राजश्री अग्रवाल और श्रियाशी रामचंद्रका तथा कक्षा 6 से 10 बी ग्रुप में प्रथम स्थान पर अदिति मोर, राघव स्नेही और कृतिका स्नेही रहे। अग्रवाल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष ने सफल आयोजन हेतु समाज के बंधुओ का धन्यवाद ज्ञापित किया।



## ये अग्रबंधु रहे मौजूद

इस मौके पर सुरेश बगरूवाला, हिमांशु मोर, चिरंजीलाल मंगरासीवाला,सुनील शेखराजका, मुरली स्नेही, कमल लाबावाला, आशीष अग्रवाल, मुन्नालाल रामचंद्रका, पवन कुमार मिठडीवाला, नथमल बुडसुवाला, राजेंद्र प्रसाद स्नेही, नेहा गोयल, मोनिका मिठड़ीवाले, ललिता डालुका, अनिता बंसल, सुनीता बंसल, किरण भाडासरवाला, राधा शेखराजका, सुनीता मित्तल, कविता शेखराजका आदि मौजूद रहे।

## आज होगा अग्रवाल समाज का महागरबा रास

अग्रवाल नवयुवक मंडल के कोषाध्यक्ष शिवम गोयल ने बताया की अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत महागरबा रास का आयोजन पलटन गेट स्थित जैन स्कूल में होगा। इस कार्यक्रम का आयोजन अग्रवाल नवयुवक मंडल के तत्वावधान में होगा। अग्रवाल समाज की महिलाएं, युवतियां, युवक गरबा के परिधान में डांडिया घर से सजाकर लाएंगे। इस महागरबा रास को भव्य रूप देने हेतु नवयुवक मंडल की पूरी टीम तैयारियों में लगी हुई।

# आदित्य वाहिनी मारोठ द्वारा हिंदू राष्ट्र प्रकल्प में साप्ताहिक संगोष्ठी आयोजित

हितेश रारा

**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) :** श्रीमद् जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज गोवर्धन मठ जगन्नाथ पुरी द्वारा सम्पूर्ण भारत में संचालित आदित्य वाहिनी एवं आनंद वाहिनी के अंतर्गत मारोठ में आदित्य वाहिनी के कार्यकर्ताओं द्वारा हिंदू राष्ट्र प्रकल्प में कस्बे के शंकर भगवान मंदिर प्रांगण में साप्ताहिक संगोष्ठी रखी गई। इसके अंतर्गत गौमाता में फैल रही लंपी बीमारी से गौ माता की रक्षा करने के लिए बहुत सी योजनाएं तैयार की गई।

संगोष्ठी के अंतर्गत जगतगुरु शंकराचार्य द्वारा भारत को हिंदू राष्ट्र बनाए जाने के संदर्भ में भी वार्तालाप करी गई। संगोष्ठी के अंत में धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना, हो विश्व का कल्याण हो, गौ माता की जय हो, गौ हत्या बंद हो, के जयघोष के साथ साप्ताहिक संगोष्ठी का समापन किया गया।

# मुख्य जिला शिक्षाधिकारी ने किया विद्यालय का निरीक्षण

अबूबकर बल्खी



**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र सिंह शेखावत ने शहीद नंदकिशोर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खामियाद का निरीक्षण किया। दौराने निरीक्षण उन्होंने प्रत्येक कक्षा कक्ष में अध्ययनरत विद्यार्थियों व अध्यापकों से सकारात्मक चर्चा की। तथा शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारों से अवगत करवाया। खाद्यान्न रखरखाव व रसोई का भी निरीक्षण किया। इस दौरान इनके साथ नागौर से रामपाल कार्यालय अधीक्षक व शुभम जोशी कनिष्ठ सहायक मौजूद थे। प्रधानाचार्य मोहन राम बिडियासर से चर्चा करते हुए बताया कि विद्यालय का संचालन एंव अन्य गतिविधियां संतुष्टिपूर्ण है। व्यवस्थाओं को देख कर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय में शिक्षा के उन्नयन हेतु दो कमरों का निर्माण करवाने का आश्वासन दिया। आये हुए अधिकारियों का ओम प्रकाश पूनिया, कदमी राम मीणा, कुंभाराम जाट, महावीर, रामनिवास, राधेश्याम व अन्य स्टाफ ने साफा व माला पहनाकर स्वागत किया।

# पर्यटन कोष में वर्ष 2022-23 में एक हजार करोड़ रूपए आवंटित : मुरारी लाल मीणा

**जयपुर।** पर्यटन राज्य मंत्री मुरारी लाल मीणा ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि पर्यटन विकास कोष में वर्ष 2022-23 में एक हजार रूपए आवंटित किए गए हैं, जिसमें से 600 करोड़ रूपए पर्यटन की आधारभूत संरचना को बढ़ाने के लिए तथा 400 करोड़ रूपए राज्य को पर्यटन डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के लिए ब्रांडिंग सहित मीडिया प्लानिंग के लिए आवंटित किए गए हैं। मीणा ने प्रश्नकाल के दौरान इस संबंध में सदस्यों द्वारा पूछे गये पूरक प्रश्न के जवाब में बताया कि राज्य में पर्यटन को विकास के लिए वर्ष 2020-21 में 100 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया था जिसे वर्ष 2021-22 में 500 करोड़ तथा वर्ष 2022- 23 में एक हजार करोड़ रूपए कर दिया गया है।

# किशोरी बाल मेले में विद्यार्थियों ने किया प्रतिभा प्रदर्शन

अबूबकर बल्खी



**लाडनूं( नागौर डेली न्यूज ) :** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मीठड़ी में गुरूवार को किशोरी बाल मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता एवं सृजनशीलता का प्रदर्शन करते हुए विज्ञान एवं तकनीकी आधारित विभिन्न मॉडल्स व चार्ट का प्रदर्शन किया। विद्यालय स्तर पर गठित चयन समिति के अनुसार मॉडल्स प्रतियोगिता में विश्वामित्रा आलड़िया प्रथम, विश्वार्थ आलड़िया व आकाश द्वितीय तथा नफीसा तृतीय स्थान पर रहे7 तीनों विजेताओं सहित सभी संभागियों को संस्था की ओर से पुरस्कार प्रदान किए गए। इससे पूर्व मेले के संभागियों एवं विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए संस्था प्रधान मनोज शर्मा, वरिष्ठ अध्यापक विक्रम सिंह, डॉ शंकर लाल तथा देवीलाल ने कहा कि शिक्षा को व्यावहारिक तथा रोजगारपरक बनाने में ऐसे आयोजनों की महती भूमिका रहती है7 इस अवसर पर वरिष्ठ अध्यापक महेंद्र कुमार, ममता, प्रवीण कुमार, श्रवण कुमार, राजेश कुमार, मुकेश राठी, हरि पिलानिया, सहीराम, किशन लाल, जगदीश प्रसाद, सुनीता कुमारी उपस्थित थे।

# एक दिवसीय महिला कृषक प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

हितेश रारा



**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम मिंडा में शुक्रवार को राज्य योजना अंतर्गत एक दिवसीय महिला कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। अनुसूचित जनजाति महिला कृषक आयोजन में कृषि महिलाओं की भागीदारी के बारे में से विस्तार पूर्वक चर्चा की गई एवं विभागीय लाभान्वित योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में भूपेंद्र सिंह अध्यक्ष ग्राम सेवा सहकार समिति लिमिटेड मिंडा एवं सहायक कृषि अधिकारी मारोठ मदन लाल, एवं कृषि पर्यवेक्षक ओम प्रकाश उपस्थित रहे एवं अन्य जनप्रतिनिधि व अन्य विभागों द्वारा पशुपालन एवं महिला बाल विकास द्वारा भी जानकारी दी गई। सहायक कृषि अधिकारी मारोठ ने सुपर कंपोस्ट बनाने व खरीफ फसलों में कीट रोग व्याधि की जानकारी दी गई। कृषि पर्यवेक्षक मिंडा ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com